उपभोक्ता मामले विभाग

स्वच्छता पखवाड़ा 16.02.2021 से 28.02.2021 तक

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा निर्धारित की गई अनुसूची के अनुसार, उपभोक्ता मामले विभाग और इसके प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आने वाले सभी संगठन अर्थात् भारतीय मानक ब्यूरो, राष्ट्रीय परीक्षण शाला, भारतीय विधिक मापविज्ञान संस्थान, रांची तथा पांच क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं ने 16 से 28 फरवरी, 2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग ने वीडियो क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी संगठनों के साथ एक बैठक की और उनके द्वारा कार्य योजना तैयार करने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पखवाड़ा मनाने पर बल दिया। पखवाड़े का आयोजन करने के लिए विभाग में एक कार्य योजना तैयार की गई जिसमें पखवाड़े के दौरान शुरू की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को सूचीबद्ध किया गया।

16 फरवरी, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सचिव (उपभोक्ता मामले) ने स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलवाई। कृषि भवन, शास्त्री भवन और जामनगर हाउस में अवस्थित विभाग के कार्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किए गए ताकि लोगों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाया जा सके। इसी प्रकार, विभाग की वेबसाइट पर भी बैनर प्रदर्शित किए गए।

आम जनता को पखवाड़े के महत्व के बारे में जागरूक बनाने के लिए और कार्य स्थल तथा आस-पास के क्षेत्रों में सफाई और स्वच्छता के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए विभाग के सोशल मीडिया हैंडल जैसे ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट/फोट/वीडियो नियमित रूप से अपलोड किए गए। कोविड-19 के फैलने से उत्पन्न हुई स्थिति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों में मास्क, सैनिटाइजर और स्वच्छता से जुड़े अन्य उत्पादों आदि का वितरण किया गया। कागज से उत्पन्न कचरे, प्लास्टिक कचरे और ई-कचरे को अलग कर सुरक्षित निपटान के लिए एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता और 'क्लीन इंडिया-ई-वेस्ट मैनजमेंट' पर दो लघु फिल्में दिखाई गईं। इसके अतिरिक्त, 23 फरवरी, 2021 को विभाग के कर्मचारियों के लिए स्वच्छ भारत विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता और

एक काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग के रिकार्ड रूम सहित विभिन्न प्रभागों में पुराने रिकार्डों की समीक्षा कर उनकी छंटाई की गई। विभिन्न प्रभागों/अनुभागों का निरीक्षण कर सफाई की दृष्टि से उनके संबंध में निर्णय लिया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो, राष्ट्रीय परीक्षण शाला, भारतीय विधिक मापविज्ञान संस्थान, रांची और क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं ने भी स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जिनमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सभी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई, पुराने रिकार्डों की समीक्षा कर छंटाई की गई, पुराने फर्नीचर की छंटाई करने संबंधी कार्रवाई की गई। स्लोगन, पोस्टर ड्राइंग तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, बीआईएस मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के परिसर में पौधे लगाए गए। स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों को प्रचारित करने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग किया गया। कर्मचारियों को एक बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक में कमी लाने की जरूरत के बारे में सूचित किया गया। राष्ट्रीय परीक्षण शाला ने अनेक नवाचारी गतिविधियां चलाईं जिनमें प्लास्टिक के एक बार प्रयोग का जनता पर हानिकारक प्रभाव और पर्यावरण पर स्वच्छता का लाभ शामिल था। बीआईएस ने विशेष सफाई अभियान चलाया और अपने कार्यालयों में स्वच्छ भारत पर पोस्टरों का प्रदर्शन किया। आरआरएसएल, भुवनेश्वर ने आस-पास स्थित आवासीय बस्तियों में आरोग्यशास्त्र तथा एक बार प्रयोग किए जाने वाले प्लास्टिक जैसे बैगों/पॉलिथीन के हानिकारक प्रभाव पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा बस्ती के निवासियों में हाथ धोने के साबुन और मास्कों का वितरण किया गया। आरआरएसएल, बंगलौर ने कार्यालय को कूड़ा रहित बनाने को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय में एक कंपोस्ट यूनिट स्थापित करने का कार्य शुरू किया।

विभिन्न प्राचलों के आधार पर विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी संगठनों का मूल्यांकन किया गया और पखवाड़े के दौरान उपलब्धियों का जायजा लेने के लिए दिनांक 09.03.2021 को आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में सचिव (उ.मा.) ने भारत मानक ब्यूरो, राष्ट्रीय परीक्षण शाला और आरआरएसएल भुवनेश्वर के लिए क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की घोषणा की जिन्हें पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने प्रायोजित किया है।